रामसिंह बनाम सरकार
2025 / 45

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी थानागाजी–अलवर

(पीठासीन अधिकारी –पिंकी गुर्जर आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:– 03 / 4 जीसीएमएस संख्या:–2025 / 45 दर्ज तिथि:–14.02.2025

1. रामसिंह पुत्र गोकुलसिंह जाति गुर्जर निवासी बलाईयों की ढाणी ग्राम कालेड तहसील प्रतापगढ जिला अलवर राज0

.........प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार प्रतापगढ जिला अलवर राज0

............. अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्तागण
प्रार्थी अधिवक्ता:– श्री विजय वराला।
अप्रार्थी:–पैरोकार सरकार।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

## –:निर्णय:–

निर्णय तिथि:–13.05.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी की हाल आराजी खसरा नम्बर 418 रकबा 1.01 है0 वाकै ग्राम बलाइयों की ढाणी पटवार हल्का कालेड तहसील प्रतापगढ जिला अलवर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थी की कब्जेकाश्त खातेदारी की सालिम आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थी काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करता चला आ रहा है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थी द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार प्रतापगढ के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर दिनांक 23.10.2024 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। पुष्टि में दिनांक 23.10.2024 रिपोर्ट पैमाइश संलग्न है। अब प्रार्थी मुताविक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 23.10.2024 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहता है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताविक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया। शपथ–पत्र पेश है।

उपखण्ड अधिकारी
थानागाजी (अलवर) राज0

